**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1941**
**उत्तर देने की तारीख-06/08/2025**

**सरकारी स्कूलों का बंद होना**

**1941 श्री संदोष कुमार पी:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में बंद हुए सरकारी स्कूलों की राज्य-वार संख्या क्या है;
(ख) देश में सरकारी स्कूलों के बंद होने के क्या कारण हैं;
(ग) विगत पांच वर्षों में देश में खोले गए नए सरकारी स्कूलों की राज्य-वार सूची क्या है;
(घ) क्या सरकार की देश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की संख्या बढ़ाने की कोई योजना है; और
(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (ङ): स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) ने सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रदान किए गए स्कूल शिक्षा सूचकों के संबंध में आंकड़े दर्ज करने के लिए शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली प्लस (यूडाइज़+) विकसित की है। यूडाइज़+ के अनुसार, पिछले 5 वर्षों में राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार सरकारी स्कूलों की संख्या अनुलग्नक । में दी गई है।

शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और स्कूलों को खोलना, विलय करना/बंद करना संबंधित राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के अधिकार क्षेत्र में है, जो नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के अंतर्गत उपयुक्त सरकार हैं।

समग्र शिक्षा के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक अनुमोदित किए गए नवीन/उन्नयित स्कूलों का ब्यौरा अनुलग्नक ॥ में उल्लिखित है।

एकीकृत केन्द्र प्रायोजित योजना समग्र शिक्षा के अंतर्गत, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक नए स्कूल खोलने/सुदृढ़ करने, स्कूल भवनों और अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

समग्र शिक्षा के अंतर्गत सभी राज्य और संघ राज्य क्षेत्र अपनी प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं के अनुसार अपनी वार्षिक कार्य योजना और बजट (एडब्ल्यूपी एंड बी) के माध्यम से योजना में शामिल सभी उपायों के लिए अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं। मंत्रालय में परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार के परामर्श से प्रस्तावों का मूल्यांकन और अनुमोदन किया जाता है और तदनुसार मानदंडों के अनुरूप निधियां आबंटित की जाती हैं। समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत निधियां वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुपालन के आधार पर जारी की जाती है।

****

**अनुलग्नक ।**

**'सरकारी स्कूलों का बंद होना' के संबंध में माननीय संसद-सदस्य श्री संदोष कुमार पी द्वारा पूछे गए दिनांक 06.08.2025 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1941 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

पिछले 5 वर्षों में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सरकारी स्कूलों की संख्या नीचे दी गई है:

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 342 | 342 | 342 | 342 | 340 |
| आंध्र प्रदेश | 45115 | 45145 | 45137 | 45167 | 45000 |
| अरुणाचल प्रदेश | 3056 | 3061 | 2985 | 2922 | 2847 |
| असम | 47157 | 46749 | 45490 | 44925 | 45008 |
| बिहार | 72610 | 75555 | 75558 | 75550 | 78120 |
| चंडीगढ़ | 121 | 121 | 123 | 119 | 119 |
| छत्तीसगढ़ | 48547 | 48619 | 48743 | 48728 | 48803 |
| दादरा और नगर हवेली | 300 | 407 | 388 | 387 | 360 |
| दमन और दीव | 109 | | | | |
| दिल्ली | 2767 | 2751 | 2762 | 2673 | 2693 |
| गोवा | 827 | 821 | 814 | 806 | 789 |
| गुजरात | 35040 | 34967 | 34699 | 34651 | 34597 |
| हरियाणा | 14484 | 14563 | 14562 | 14443 | 14374 |
| हिमाचल प्रदेश | 15398 | 15391 | 15380 | 15447 | 15217 |
| जम्मू और कश्मीर | 23165 | 23167 | 23173 | 18785 | 18785 |
| झारखंड | 35931 | 35888 | 35840 | 35764 | 35795 |
| कर्नाटक | 49834 | 49791 | 49679 | 49520 | 49306 |
| केरल | 5014 | 5020 | 5010 | 4811 | 4809 |
| लद्दाख | 913 | 915 | 838 | 841 | 841 |
| लक्षद्वीप | 45 | 45 | 38 | 37 | 37 |
| मध्य प्रदेश | 99411 | 99152 | 92695 | 92741 | 92439 |
| महाराष्ट्र | 65886 | 65734 | 65639 | 65431 | 65157 |
| मणिपुर | 2876 | 2878 | 2889 | 2922 | 2934 |
| मेघालय | 7799 | 7795 | 7783 | 7778 | 7779 |
| मिजोरम | 2552 | 2558 | 2563 | 2567 | 2587 |
| नागालैंड | 2011 | 1975 | 1960 | 1954 | 1952 |
| ओडिशा | 53260 | 50256 | 49072 | 48767 | 48671 |
| पुदुचेरी | 422 | 422 | 422 | 422 | 420 |
| पंजाब | 19377 | 19330 | 19259 | 19245 | 19242 |
| राजस्थान | 67660 | 68813 | 68948 | 69538 | 70233 |
| सिक्किम | 851 | 851 | 864 | 864 | 864 |
| तमिलनाडु | 37579 | 37589 | 37636 | 37658 | 37672 |
| तेलंगाना | 30001 | 30015 | 30023 | 29997 | 30022 |
| त्रिपुरा | 4275 | 4265 | 4262 | 4245 | 4238 |
| उत्तर प्रदेश | 137638 | 137068 | 137024 | 137003 | 137102 |
| उत्तराखंड | 16741 | 16651 | 16484 | 16381 | 16201 |
| पश्चिम बंगाल | 83456 | 83379 | 83302 | 82579 | 82307 |

स्रोत: यूडाइज़, यूडाइज़ +

**अनुलग्नक II**

**'सरकारी स्कूलों का बंद होना' के संबंध में माननीय संसद-सदस्य श्री संदोष कुमार पी द्वारा पूछे गए दिनांक 06.08.2025 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1941 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

समग्र शिक्षा के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक अनुमोदित नवीन/उन्नयित स्कूल निम्नानुसार हैं:

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | नवीन प्राथमिक स्कूल | नवीन उच्च प्राथमिक / प्राथमिक से उच्च प्राथमिक में उन्नयन | उच्च प्राथमिक से माध्यमिक में उन्नयन | माध्यमिक से उच्चतर माध्यमिक में उन्नयन / उच्चतर माध्यमिक में अतिरिक्त स्ट्रीम | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 0 | 1 | 0 | 0 | **1** |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 1 | 2 | 2 | **5** |
| 3 | असम | 0 | 12 | 37 | 38 | **87** |
| 4 | छत्तीसगढ | 0 | 0 | 19 | 3 | **22** |
| 5 | दादरा और नगर हवेली | 0 | 0 | 6 | 1 | **7** |
| 6 | गुजरात | 0 | 0 | 38 | 0 | **38** |
| 7 | जम्मू और कश्मीर | 0 | 0 | 3 | 1 | **4** |
| 8 | कर्नाटक | 0 | 0 | 23 | 34 | **57** |
| 9 | लद्दाख | 0 | 1 | 6 | 0 | **7** |
| 10 | मध्य प्रदेश | 0 | 0 | 45 | 42 | **87** |
| 11 | महाराष्ट्र | 0 | 2 | 0 | 0 | **2** |
| 12 | मणिपुर | 17 | 18 | 10 | 18 | **63** |
| 13 | मेघालय | 0 | 0 | 15 | 16 | **31** |
| 14 | मिजोरम | 4 | 4 | 9 | 38 | **55** |
| 15 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 4 | **4** |
| 16 | ओडिशा | 0 | 46 | 77 | 253 | **376** |
| 17 | पुदुचेरी | 0 | 0 | 0 | 1 | **1** |
| 18 | पंजाब | 0 | 0 | 0 | 236 | **236** |
| 19 | राजस्थान | 0 | 279 | 0 | 262 | **541** |
| 20 | सिक्किम | 0 | 1 | 3 | 1 | **5** |
| 21 | त्रिपुरा | 6 | 11 | 2 | 13 | **32** |
| 22 | उत्तर प्रदेश | 89 | 11 | 147 | 88 | **335** |
| 23 | उत्तराखंड | 0 | 2 | 2 | 3 | **7** |
| 24 | पश्चिम बंगाल | 0 | 7 | 0 | 0 | **7** |
| **कुल** | | **116** | **396** | **444** | **1054** | **2010** |

स्रोत: प्रबंध

****